an>

Title: Need to augment railway services providing better railway connectivity to Mandsaur Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्री सुधीर गुप्ता (मंदसौर) ः रेलवे आज देश में यात्री व माल आवागमन का महत्वपूर्ण साधन है। देशभर में इसमें विस्तार भी हो रहा है, सुधार भी हो रहा है, मगर मेरा संसदीय क्षेत्र मंदसौर (मध्य प्रदेश) जो डब्ल्यू.आर. व डब्ल्यू.सी.आर. पर स्थित है, इसमें माल आवागमन में तो वृद्धि हो रही है, यात्री आवागमन डब्ल्यू.आर. में बढ़ रहा है मगर यात्री ट्रेन की संख्या में अपेक्षित वृद्धि नहीं हो रही है। मैं कारण जानना चाह रहा हँ व पूछना चाहता हँ कि क्या देश के बड़े संसदीय क्षेत्रों में से एक मंदसौर संसदीय क्षेत्र के जिला केन्द्र मंदसौर, जिला केन्द्र नीमच व प्रमुख केन्द्र जावरा से दिल्ली जाने वाले यात्री क्या एक अच्छी यात्री ट्रेन की इच्छा रख सकते हैं, क्या आपने नीम से चित्तौड़गढ़ मार्ग दोहरीकरण की हमारी माँग स्वीकार की? मगर यह दोहरीकण सर्वे रतलाम से चित्तौड़गढ़ है। निर्माण आदेश में रतलाम से नीमच शेष रहे हिस्से पर भी शीघ्र निर्णय किया जाना चाहिए। मेरी ओर से कुछ यात्री गाड़ियों के संचालन हेतु निम्न सुझाव प्रस्तुत हैः-

अजमेर से तिरूपति नवीन ट्रेन

कोटा-नीमच पैसेंजर व उदयपुर-नीमच पैसेंजर को मंदसौर स्टेशन तक संचालन

ट्रेन क्रमांक 19327 व ट्रेन क्रमांक 12964 की समय सारणी सुधार कर चित्तौड़गढ़ जंक्शन पर मिलान निश्चित करना।